# VISION IAS

www.visionias.in

VISION IAS
MN 17 AUG 2023 No. 3
RECEIVED

## GENERAL STUDIES (TEST CODE : 2078)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name of Candidate | Neeraj Dhakad | | |
| Medium Hindi/Eng. | hindi | Registration Number | 1177040 |
| Center | M.N. | Date | 17/08/2023 |

### INDEX TABLE

| Q. No. | Maximum Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|
| 1(a) | 10 | |
| 1(b) | 10 | |
| 2(a) | 10 | |
| 2(b) | 10 | |
| 3(a) | 10 | |
| 3(b) | 10 | |
| 4(a) | 10 | |
| 4(b) | 10 | |
| 5(a) | 10 | |
| 5(b) | 10 | |
| 6(a) | 10 | |
| 6(b) | 10 | |
| 6(c) | 10 | |
| 7 | 20 | |
| 8 | 20 | |
| 9 | 20 | |
| 10 | 20 | |
| 11 | 20 | |
| 12 | 20 | |

**Total Marks Obtained:**

**Remarks:**

## INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
   उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न–पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are **TWELVE** questions printed in **ENGLISH & HINDI.**
   इसमें बारह प्रश्न हैं अंग्रेजी और हिन्दी में छपे हैं।
3. **All questions are compulsory.**
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
   प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
   प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न–सह–उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
   प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
   उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

**Is student recommended for One-to-One mentoring?**

| Recommended | Strongly Recommended |
|---|---|

# EVALUATION INDICATORS

1. Contextual Competence
2. Content Competence
3. Language Competence
4. Introduction Competence
5. Structure - Presentation Competence
6. Conclusion Competence

Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:

1.

2.

3.

4.

5.

6.

**All the Best**

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

## SECTION A

निम्नलिखित प्रश्नों का अधिकतम 150 शब्दों में उत्तर दीजिए:

**Answer the following questions in not more than 150 words each:**

1. **(a)** धैर्यवान नेताओं को प्रत्येक व्यक्ति जानता है और ये ऐसे लोग होते हैं जिनकी तरफ संकट के समय अन्य लोग मुड़कर देखते हैं। (150 शब्दों में उत्तर दें)

Leaders with fortitude are known by everyone and they are the people to turn to when crisis arises. Discuss. (Answer in 150 words) 10

धैर्य वह मूल्य है जिसमें विपरीत परिस्थितियों के प्रति एक सोची-समझी रणनीति शामिल होती है तो साथ ही उम्मीद को बनाये रखते हुये दृढ़ता पर बल दिया जाता है

धैर्यवान नेताओं में विपरीत एवं आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिये लोगों के हितों एवं समाज, देश के कल्याण को सुनिश्चित करने वाले गुण विद्यमान होते हैं

उदाहरण के रूप में धैर्यवान नेताओं में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जिन्होंने 1998-99 के दौर में आर्थिक प्रतिबंध लगने के बावजूद धैर्य रखा और देश के हितों को आगे बनाये रखा

→ तो वहीं 2008 की आर्थिक मंदी में डा. मनमोहन सिंह जैसे नेताओं ने

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

देश की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिये विपरीत स्थितियों में धैर्य रखा

गौरतलब है कि धैर्यवान नेताओं की तरफ लोग संकट के समय ध्यान देते हैं और संकट से निपटने के लिए लोग नेताओं से अपेक्षा रखते हैं.

जैसे → कोविड काल में लोगों ने सरकार एवं नेताओं की ओर मुड़कर देखा और अपनी खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये आग्रह किया,

→ वहीं अंतर्राष्ट्रीय जगत में अमेरिकी गृहयुद्ध में दासों ने अपने अधिकारों के लिये अब्राहम लिंकन की ओर देखा और उन्हें समर्थन किया

→ रंगभेद के विरुद्ध नेल्सन मंडेला के धैर्य ने लोगों को आकर्षित किया और उसी धैर्य का परिणाम था कि अफ्रीका में रंगभेद शासन की समाप्ति हुई,

नेपोलियन हिल ने कहा है कि 'धैर्य दृढ़ता और श्रम सफलता के लिये अजेय मिश्रण है।' इसलिये धैर्यपूर्वक कार्य समाज एवं मानव कल्याण से जुड़ा है।

1. **(b)** देश में बदलते सामाजिक परिदृश्य के मद्देनजर, मूल्यों की शिक्षा युवाओं के लिए न केवल कुशल बल्कि नैतिक रूप से मजबूत पेशेवर बनने हेतु तकनीकी शिक्षा के समान ही महत्वपूर्ण है। चर्चा कीजिए। )150 शब्दों में उत्तर दें(

In the wake of changing social landscape in the country, value education is as important as technical education for the youth to become not only skilled but also morally strong professionals. Discuss. (Answer in 150 words) 10

मूल्यों की शिक्षा से तात्पर्य है कि शिक्षा में ऐसे आधारभूत मूल्यों को समाहित करना जो मानव एवं समाज तथा देश के हितों से जुड़े हों जैसे- सहभागिता, ईमानदारी, निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा, सहिष्णुता, सम्मान करना, आदि।

बदलता सामाजिक परिदृश्य

- बढ़ता सांप्रदायिक तनाव
- उपभोक्तावादी संस्कृति
- नृजातीय संघर्ष
- भ्रष्टाचार
- गरीबी
- भुखमरी

मूल्यों की शिक्षा

- युवाओं के लिये कुशलता को बढ़ावा देती है क्योंकि यदि व्यक्ति में धर्मनिरपेक्षता का मूल्य होगा तो उसके व्यवहार में लचीलापन देखने को मिल सकता है और उसके व्यवहार में रूढ़िवादिता की जगह विचारों को ग्रहण कर कुशलता को बढ़ावा देने पर हो सकती है

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

→ सहिष्णुता के मूल्य से युवाओं में विरोधी विचारों को ग्रहण कर सामाजिक विकास एवं नैतिकता के मूल्य को प्रभावित किया जा सकता है

→ सहभागिता के मूल्य से व्यक्ति एवं युवा देश से 'गरीबी एवं अशिक्षा' को समाप्त करने अर्थात् संधारणीय लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक हो सकते हैं

मूल्यों की शिक्षा तकनीकी शिक्षा के समान महत्वपूर्ण –

→ तकनीकी शिक्षा जहाँ आप सृजन एवं नवाचार को बढ़ावा देती है तो वहीं सहिष्णुता इस नवाचार को अपनाने पर बल देती है

→ तकनीकी शिक्षा उत्पादन को बढ़ावा देती है तो वहीं इस उत्पादन का उचित प्रयोग सहभागिता एवं करुणा, के माध्यम से हो सकता है

→ तकनीकी शिक्षा आर्थिक समृद्धि को बढ़ाती है तो मूल्य शिक्षा आर्थिक विकास को।

मूल्य शिक्षा संयुक्त राष्ट्र के सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

2. **(a)** हालांकि, निष्पक्षता को लोक सेवा के लिए प्रमुख नैतिक मूल्यों में से एक के रूप में निर्धारित किया गया है, फिर भी इसे लोक सेवाओं में करुणा के प्रति बाधक के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। चर्चा कीजिए। )150 शब्दों में उत्तर दें(

While impartiality has been identified as one of the key ethical values for public service, it should not be seen as precluding compassion in public services. Discuss. (Answer in 150 words) 10

निष्पक्षता ऐसा मूल्य है जिसमें निर्णयन, चयन में पूर्वाग्रह के बिना योग्यता एवं वस्तुनिष्ठता को आधार बनाये जाये और निर्णय पक्षपाती एवं मनमाना नहीं होना चाहिए।

लोक सेवा में नैतिक मूल्य के रूप में निष्पक्षता

- → लोगों की विश्वसनीयता को बनाये रखता है
- → पारदर्शीता को सुनिश्चित करता है
- → कल्याणकारी राज्य में सहायक
- → राजनीतिक तटस्थता को सुनिश्चित

उदाहरण के रूप में - ⊙ कोयला आवंटन – e-ऑक्शन द्वारा
⊙ सार्वजनिक खरीदारी – GeM Portal के माध्यम से

गौरतलब है कि निष्पक्षता को करुणा के मार्ग में बाधा के रूप में देखा जाता है क्योंकि करुणा में किसी विशेष वर्ग, समुदाय के प्रति कार्य हो सकता है जो निष्पक्षता के विरोध में दिखाई देता है,

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

लेकिन निष्पक्षता को करुणा के प्रति बाधक के रूप में नहीं देखा जाना चाहिये क्योंकि -

* निष्पक्षता समाज में प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार सुनिश्चित करता है-
* वंचित वर्गों के कल्याण को निष्पक्षता के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सकता है
* भारतीय संविधान में सकारात्मक कार्यवाही के रूप में कानून का समान संरक्षण प्रावधान के रूप में है
* जो कार्य करुणा के माध्यम से किया जाता है निष्पक्षता उसके साथ एकता के संबंध में हो सकती है जैसे महिलाओं के प्रति करुणा, और राजनीति में महिलाओं को समान अधिकार दोनों एकता के संबंध में है।

न्याय निष्पक्षता है और असली ही निष्पक्ष होते हैं' यह कथन जी. बी. शॉ का है जिन्होंने निष्पक्षता को न्याय के साथ जोड़ा है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. (b) प्रशासकों द्वारा धारित शक्ति, यदि सही तरीके से प्रयोग की जाए तो देश को महान लाभ प्रदान कर सकती है, लेकिन यदि इसका दुरुपयोग किया जाए तो क्षति और अपमान का कारण बन सकती है। सविस्तार वर्णन कीजिए। )150 शब्दों में उत्तर दें(

The power, which administrators wield, can bring the nation great dividends if rightly used, but can bring harm and disrepute if abused. Elaborate. (Answer in 150 words) 10

प्रशासकों को दी गई धारित शक्ति जिसके अनुसार वह कोई कृत्य करे तो उसे उस कृत्य की संतोषप्रद व्याख्या के लिये बाध्य होना चाहिये, तभी वह महान लाभ प्रदान कर सकती है।

प्रशासकों द्वारा धारित शक्ति का सही तरीके से प्रयोग –

* वस्तुनिष्ठता के साथ कार्य किया जावे
  जैसे किसी IAS द्वारा टेंडर में योग्यता का निर्धारण

* पारदर्शिता को बनाये रखा जावे
  - RTI Act, 2005 के तहत

* सत्यनिष्ठा के माध्यम से कार्य
  - अशोक खेमका द्वारा वाड्रा-DLF समझौता को रद्द
  - दुर्गाशक्ति नागपाल द्वारा UP के खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्य

* जवाबदेहिता सुनिश्चित
  - संविधान एवं कानून
  - आचार संहिता एवं पब्लिक के निर्देशन

**महान लाभ**

→ नागरिकों की प्रशासन में सहभागिता

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

→ स्वच्छ प्रशासन एवं संस्कृति का विकास
→ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
→ अधिकारों का क्रियान्वयन
→ नागरिक केन्द्रित प्रशासन

प्रशासकों द्वारा शक्ति शक्ति का दुरुपयोग

- भ्रष्टाचार में वृद्धि
- उत्तरदायित्व का अभाव
- सामाजिक कल्याण में रुचि नहीं
- राजनीतिक दखलंदाजी
- नियमों एवं कानूनों का उल्लंघन

क्षति और अपमान

- किसी विशेष वर्ग को लाभ और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की क्षति
- राजनीतिक क्षेत्र में विश्वसनीयता को अपमानित कर सकती है
- लोगों का सरकार के प्रति विश्वास कम हो सकता है
- संवैधानिक आदर्शों का अपमान

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि उत्तरदायित्व की भावना से ही समाज में प्रशासनिक मूल्यों की महत्ता सुनिश्चित की जा सकती है और 'गुड गवर्नेंस' को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. (a) विशेष रूप से हाल के दिनों में अंतरिक्ष अन्वेषण में निजी क्षेत्रक के प्रवेश को देखते हुए, वाणिज्यिक अंतरिक्ष अन्वेषण के नैतिक निहितार्थों का विश्लेषण कीजिए। )150 शब्दों में उत्तर दें(

Analyse the ethical implications of commercial space exploration, especially with the entry of private sector in recent times. (Answer in 150 words) 10

अंतरिक्ष अन्वेषण में निजी क्षेत्रक की भागीदारी को हाल के दिनों में देखा गया है जिसमें स्पेस एक्स, ब्लू आरिजन प्रमुख हैं

वाणिज्यिक अंतरिक्ष अन्वेषण.

इसका तात्पर्य अंतरिक्ष अन्वेषण में निजी एवं सार्वजनिक माध्यमों से वाणिज्यिक हितों को बढ़ावा देना है जहां निजी क्षेत्रों में स्पेस एक्स कंपनी द्वारा अंतरिक्ष पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है तो वहीं कई सार्वजनिक संस्थाएं भी निजी क्षेत्र को अपनी अवसंरचना के माध्यम से अंतरिक्ष अनुसंधान का मंच प्रदान कर रहीं हैं।

वाणिज्यिक अंतरिक्ष अन्वेषण के नैतिक निहितार्थ –

- अंतरिक्ष में अत्यधिक भीड़-भाड़ अर्थात् ट्रैफिक का अधिक होना

- केसलर सिंड्रोम बढ़ सकता है जिससे विश्व में कई समस्याओं का जन्म हो सकता है जैसे उपग्रह के कचरे मानव बस्तियों एवं समुद्र में गिरकर पारिस्थितिकी असंतुलन को बढ़ा सकते हैं
- कोई अंतर्राष्ट्रीय निगरानी तंत्र नहीं है जो वर्तमान में एक प्रमुख नैतिक मुद्दा है
- विनियामक तंत्र के अभाव के चलते ये अवैध गतिविधियों को बढ़ा सकते हैं
- अंतरिक्ष को एक नया युद्ध क्षेत्र में ~~बढ़ावा~~ परिवर्तित कर सकते हैं
- आतंकवादियों के पास ऐसी तकनीक पहुँचने से मानवता को नुकसान हो सकता है।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि इस क्षेत्र में निजी एवं सार्वभौमिक अंतरिक्ष कानूनों के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय मंच का निर्माण आवश्यक है और यह क्षेत्र अनुसंधान का क्षेत्र बना रहे मानवता के हितों के विरुद्ध इसके उपयोग पर प्रतिबंध आरोपित होना चाहिए।

3. **(b)** यद्यपि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) में हमारी दुनिया को मौलिक रूप से बदलने और उसे अस्त-व्यस्त करने की क्षमता है, तथापि सही नैतिक विकल्प AI को मानवता के लिए अच्छाई का एक प्रेरक बना सकते हैं। उदाहरण सहित चर्चा कीजिए। )150 शब्दों में उत्तर दें(

While Artificial Intelligence (AI) has the potential to radically transform and disrupt our world, the right ethical choices can make AI a force of good for humanity. Discuss with examples. (Answer in 150 words) 10

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), कम्प्यूटर तकनीक है जिसमें ऐसे सॉफ्टवेयर का निर्माण किया जाता है जो व्यक्ति के व्यवहारों से सीखता है।

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमता**

→ **औद्योगिक या आर्थिक क्षेत्र में**

- AI के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्र में कुशल कार्यबल में वृद्धि → उत्पादन में वृद्धि
- आर्थिक क्षेत्र में तकनीक के माध्यम से कार्यबल के बोझ को कम कर सकता है
- लोगों की आवश्यकता को समाप्त कर सकता है
- श्रमिकों की समाप्ति

**सामाजिक क्षेत्र में**

- गोपनीयता की समाप्ति कर सकता है
- समाज में संघर्ष को बढ़ावा दे सकता है
- स्वास्थ्य देखभाल में वृद्धि कर सकता है
- अपराध एवं लोगों के कार्यों की निगरानी कर सकता है।

शिक्षा → शिक्षा के प्रसार को बढ़ा सकता है
↳ शिक्षा को रोजगार परक बना सकता है
↳ आधुनिक स्कूलों को बढ़ावा दे सकता है

सही नैतिक विकल्प AI को मानवता के लिये अच्छा बनाते

① रोजगार
↳ उन्हीं रोजगारों में AI का प्रयोग जिनसे व्यक्तियों का रोजगार न छिने

② शिक्षा → दूरस्थ शिक्षा एवं सार्वभौमिक शिक्षा को बढ़ावा

③ स्वास्थ्य → स्वास्थ्य देखभाल को बनाये रखने के लिये, अस्पतालों में AI का प्रयोग

④ राजनीतिक क्षेत्र → AI के माध्यम से योजनाओं की निगरानी की जा सकती है।
जैसे → pm किसान सम्मान निधि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निगरानी को बढ़ावा

⑤ वंचित वर्गों के कल्याण के लिये जहाँ AI का प्रयोग कर उनके लिये अवसर सृजन को बढ़ावा जैसे AI को रोजगार सृजन से जोड़ा जाये।

AI, मशीन लर्निंग जैसी तकनीकें मानव के विकास में सहायक हो सकती हैं यदि इनका उचित प्रयोग किया जाये।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. **(a)** 'सामाजिक जवाबदेही' पद से आप क्या समझते हैं? इसके महत्व की व्याख्या कीजिए और किसी भी सामाजिक जवाबदेहिता संबंधी पहल की सफलता हेतु उत्तरदायी प्रमुख कारकों पर चर्चा कीजिए। )150 शब्दों में उत्तर दें(

What do you understand by the term 'social accountability'? Explain its significance and discuss critical factors responsible for the success of any social accountability initiative. (Answer in 150 words) 10

किसी भी विवेकाधीन कार्य और इन कार्य के प्रति यह बाध्यता कि व्यक्ति कार्य की संतोषप्रद व्याख्या करे जो सामाजिक कल्याण से जुड़ी हो, सामाजिक जवाबदेहिता कहलाती है

सामाजिक जवाबदेही का महत्व.

→ समाज में शासन के प्रति विश्वास बनाये रखा जाता है
→ नागरिक भागीदारी को बढ़ावा
→ नागरिक केंद्रित प्रशासन में वृद्धि
→ पारदर्शिता में वृद्धि होती है
→ भ्रष्टाचार पर नियंत्रण लगता है
→ लोकतंत्र के मूल्यों को बढ़ावा
→ जनता के वास्तविक अधिकारों का क्रियान्वयन

सामाजिक जवाबदेही संबंधी पहलों में

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

निम्न पहल शामिल हैं

① सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 इसके माध्यम से समाज की प्रशासन के भागीदारी के साथ ही पारदर्शिता सुनिश्चित हुई

② लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम, 2013 इसके माध्यम से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का प्रयास किया और समाज में नावधानिक कार्यों के जिम्मेदारी को स्पष्ट रूप से लागू किया है।

③ कंपनी एक्ट 2013
→ इसके माध्यम CSR (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक हित को बढ़ावा दिया है

④ SEBI एक्ट, 1992
→ इसके माध्यम से कंपनियों पर निगरानी एवं नियमन को बढ़ावा दिया है।

निष्कर्ष। सामाजिक जवाबदेही लोकतंत्र को स्थापित करने के साथ सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक है और पंचायतों एवं नगरपालिका के माध्यम से यह और बढ़ा है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. **(b)** भ्रष्टाचार लोकतंत्र के समक्ष एक चुनौती है और भ्रष्टाचार के बारे में नागरिकों के अनुमान इसकी व्यापकता और नुकसानदेहता के मुख्य मानदंडों में से एक है। चर्चा कीजिए। )150 शब्दों में उत्तर दें(

Corruption is a challenge to democracy and citizens' estimations of corruption are one of the main criteria for its wideness and harmfulness. Discuss. (Answer in 150 words) 10

भ्रष्टाचार से तात्पर्य है कि अपने पद का व्यक्तिगत हितों के लिये उपयोग करना जिसमें सामान्य नागरिकों एवं सरकार के हितों का उल्लंघन होता है।

भ्रष्टाचार लोकतंत्र के समक्ष चुनौती -

(1) संविधान का उल्लंघन करता है

(2) भ्रष्टाचार स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है

(3) विशेषाधिकारों के द्वारा कर समानता के अधिकार का उल्लंघन करता है

(4) लोकतंत्र जनता के लिये होता है, भ्रष्टाचार जनता के हितों के प्रतिकूल कार्य करता है

(5) महिलाओं एवं वंचित वर्गों के अधिकारों का उल्लंघन कर लोकतंत्र की स्थापना में बाधा उत्पन्न करता है

(6) भ्रष्टाचार के माध्यम से निष्पक्ष न्याय की अवधारणा का उल्लंघन करता है।

भ्रष्टाचार के बारे में नागरिकों का अनुमान -

① भ्रष्टाचार की व्यापकता.

→ वस्तुतः भ्रष्टाचार में व्यापकता होती है तभी लोगों का इस ओर ध्यान जाता है वस्तुतः यह भ्रष्टाचार इस रूप में भी व्यापक हो सकता है कि इसके प्रभाव अत्यधिक विस्तारित हों

→ जैसे कोविड काल में दवाईयों का नकली रूप में निर्माण किया जाना भ्रष्टाचार था

② गुरुत्वाकर्षता

↳ भ्रष्टाचार यदि किसी अवहेलना में हुआ है तो इसका परिणाम जन-धन की हानि के रूप में हो सकता है

→ लोगों के अधिकारों का उल्लंघन फलतः समाज में गरीबी, भुखमरी को बढ़ावा मिल सकता है और यह गरीबी आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न कर सकती है।

कोफी अन्नान का यह कथन कि 'भ्रष्टाचार एक समस्या है तो पारदर्शिता उसका उपाय है', इसलिये भ्रष्टाचार के विरुद्ध पारदर्शिता एवं अवेयरनेस को बढ़ाया जा सकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. (a) घर से काम करने की संस्कृति ने निजी संगठनों में कई नैतिक चिंताएं उत्पन्न की हैं। इसके आलोक में, क्या आपको लगता है कि किसी कर्मचारी के लिए मूनलाइटिंग (दो नौकरियां करना) नैतिक है? चर्चा कीजिए। )150 शब्दों में उत्तर दें(

Work from home culture has led to many ethical concerns in private organizations. In light of this, do you think it is ethical for an employee to practice moonlighting? Discuss. (Answer in 150 words) 10

घर में काम करने की संस्कृति सामान्यतः जिसे 'वर्क फ्रॉम होम' कहा जाता है जिसे निजी संगठन में देखा जाता है एवं इसने वर्तमान में नैतिक चिंतायें उत्पन्न की हैं -

नैतिक चिंताएँ

→ अनुशासन में गिरावट
→ कार्य का अनुचित वातावरण
→ प्रतिबद्धता का अभाव
→ उत्तरदायित्व की भावना का मुद्दा
→ कार्यप्रणाली में सहभागिता का अभाव
→ ईमानदारी
→ सत्यनिष्ठा
→ मूनलाइटिंग (दो नौकरियां करना)
→ कंपनी के गोपनीय कार्यों को प्रभावित
→ कंपनी का हित
→ सार्वजनिक उत्तरदायित्व की चिंतायें

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

मूनलाइटिंग (दो नौकरियाँ)

नैतिक

- एक नौकरी के कार्य के पश्चात् दूसरी नौकरी में संलग्न होने गिग इकोनॉमी कार्य में - इससे अन्य कंपनी पर कोई प्रभाव नहीं
- दोनों कार्यों की प्रकृति अलग-अलग हो जैसे → पहला कार्य तकनीक → इसरा ओला, उबर
- आय में वृद्धि होगी
- जीवन स्तर में वृद्धि होगी
- सामाजिक विकास संभव हो सकेगा
- पारिवारिक जरूरतों को पूर्ण किया जा सकेगा

अनैतिक

- कंपनी की गोपनीयता
- दोनों कार्य एक समान से संबंधित हो
- अनुशासन का अभाव
- कार्य में गुणवत्ता का अभाव
- प्रतिबद्धता का अभाव
- अनावश्यक प्रतिस्पर्धा

निष्कर्षतः 'मूनलाइटिंग' को लेकर वर्तमान में पक्ष एवं विपक्ष की विचारधारा को देखा जा सकता है एवं इसके अनैतिक पक्षों को दूर करके इसके लोगों के विकास से जोड़ा जा सकता है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. **(b)** क्या आप इस दृष्टिकोण से सहमत हैं कि पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ESG) संबंधी विचार एक निगम के लिए उसके व्यवसाय हेतु अत्यधिक मूल्य सृजित करते हैं? )150 शब्दों में उत्तर दें(

Do you agree with the view that environmental, social, and governance (ESG) considerations for a corporation create immense value for the business? (Answer in 150 words) 10

पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन (ESG) किसी कंपनी की विश्वसनीयता एवं उसकी साख तथा लोगों के मध्य उसकी महत्वता को उद्धारित करता है।

ESG का निगम के व्यवसाय हेतु योगदान.

* पर्यावरण
→ निगम यदि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का कार्य करता है तो उसे सहज ही समाज में स्वीकृति मिल जायेगी
→ लोगों द्वारा उसको अपनाने में रुचि
→ पर्यावरणीय नेताओं द्वारा बढ़ावा दिया जायेगा
→ कंपनी की व्यावसायिक सत्यनिष्ठा को बढ़ावा

* सामाजिक
→ जो निगम समाज के हितों के लिये कार्य करती है उसको समाज सहज रूप से

स्वीकार करता है और उसे आगे बढ़ाने में योगदान देता है

→ वस्तुनिष्ठता को बढ़ावा मिलता है और निगम के रूप में कोई कंपनी समाज में प्रगतिशीलता को बढ़ावा देती है।

* अभिशासन

- अभिशासन के रूप में निगम में ~~[illegible]~~ गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जाना
- श्रमिकों के हितों एवं समन्वय
- कार्य संस्कृति को बेहतर बनाया जा सकता
- पारदर्शिता को बढ़ावा मिलता है।
- कुशलता एवं प्रभावशीलता का विकास

निष्कर्षतः ESG, निगम में उत्तम, विनियमन को लचीले रूप में ग्रहण करने पर बल देती है तो साथ ही आर्थिक विकास में पर्यावरण एवं समाज को ~~भी~~ भागीदार बनाती है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. (a) हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई संस्थान कार्यरत हैं, फिर भी, राष्ट्र अपने हितों की पूर्ति हेतु अक्सर नैतिक मूल्यों और इन संस्थानों के दिशा-निर्देशों की उपेक्षा कर देते हैं। उदाहरण सहित चर्चा कीजिए। )150 शब्दों में उत्तर दें(

While there are multiple institutions to ensure fairness in international relations, states often put aside moral values and the directions of these institutions for their own interests. Discuss with examples. (Answer in 150 words) 10

निर्णयन और चयन में बिना किसी पूर्वाग्रह के योग्यता एवं वस्तुनिष्ठता को आधार बनाया जाये एवं निर्णय पक्षपाती एवं मनमाना न हो निष्पक्षता कहलाती है।

अंतर्राष्ट्रीय संबंधो में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए-

(1) संयुक्त राष्ट्र संघ

→ UN विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय संबंधो को सुनिश्चित करती है जैसे UNSC 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' में विभिन्न सुरक्षा से संबंधित मुद्दे जैसे हाल ही में यूक्रेन-रूस संघर्ष को उठाया जाना

→ UNFCCC जलवायु परिवर्तन से संबंधित

→ UNCBD जैव विविधता के संरक्षण के लिये

(2) विश्व व्यापार संगठन (WTO)

→ WTO व्यापार में संतुलन बनाये

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

रखने का कार्य करता है और विवाद की दशा में समाधान तंत्र उपलब्ध करता है

(3) विश्व बैंक और IMF
↳ इनके माध्यम से राजकोषीय उद्दण्डता को घटाने के लिये दिशा निर्देश

(4) FATF (फायनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स)
↳ इसके माध्यम से अवैध गतिविधियों के लिये धन स्त्रोतों पर रोक लगाकर निवारण कार्यवाही को प्रतिबिम्बित किया जाता

राष्ट्र हितों की पूर्ति हेतु नैतिक मूल्यों और इन संस्थाओं के दिशा-निर्देशों की उपेक्षा.

→ उदाहरण के मुद्दे को लेकर इन दिशा निर्देशों के विरुद्ध कार्यवाही जैसे रूस-यूक्रेन संघर्ष
→ मानव अधिकारों के विरुद्ध
जैसे चीन में उइगर समुदाय के विरुद्ध कार्य
→ व्यापार में संरक्षणवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है जैसे USA-चीन विवाद
→ पाकिस्तान द्वारा FATF की शर्तों को पूर्ण न करना

निष्कर्षतः राष्ट्र हितों के लिये कई राष्ट्र इन दिशा निर्देशों के विरुद्ध कार्य करते हैं फलतः इन राष्ट्रों के विरुद्ध कार्यवाही की होती है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. **(b)** विदेशी वित्त-पोषित अनुसंधान परियोजना के तहत विकासशील देशों में किए जाने वाले चिकित्सा अनुसंधान से उत्पन्न हो सकने वाले विभिन्न नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए। )150 शब्दों में उत्तर दें(

Discuss the various ethical issues that can arise when a foreign-funded research project conducts medical research in developing countries. (Answer in 150 words)10

विदेशी वित्त पोषित अनुसंधान परियोजना विकसित देशों में हो सकती है जो अनुसंधान चिकित्सा, ऊर्जा, पर्यावरण क्षेत्रों के हो सकती है।

विकासशील देशों में किये जाने वाले चिकित्सा अनुसंधान से उत्पन्न होने वाले नैतिक मुद्दे-

① भ्रष्टाचार → भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा सकता है और विदेशी संस्था, देश को भारत एवं अन्य विकासशील देश में हस्तक्षेप का अवसर

② नव उपनिवेशवाद → की समस्या को बढ़ावा मिल सकता है।

③ देश की जनता के डाटा का गलत उपयोग

④ राष्ट्र हितों के विरुद्ध परियोजना का इस्तेमाल किया जा सकता है

⑤ अनुसंधान के संबंध में लोगों से संबंधित

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

स्वास्थ्य चिंता का उद्भव

(6) किसी विशिष्ट कंपनी, वर्ग को लाभ पहुँचाने वाला हो सकता है

(7) इस परियोजना के लिये आर्थिक लागत का अपयोग कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करना

(8) विकासशील देशों में जागरूकता का अभाव फलतः अनुसंधान को गलत दिशा में मोड़ा जा सकता है

(9) विदेशी संस्थाओं को विकासशील देशों में अनावश्यक लाभ मिलना।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है विदेशी वित्त पोषित अनुसंधान परियोजना के लिये एक व्यापक एवं पारदर्शी प्रक्रिया को अपनाया जाना चाहिये और इसके संभावित परिणामों के लिये इसका सर्वे किया जाना चाहिये।

6. **(c)** गुरु नानक देव की महत्वपूर्ण शिक्षाओं पर चर्चा कीजिए जो आज के युवाओं के लिए प्रासंगिक हैं। )150 शब्दों में उत्तर दें(

Discuss the important teachings of Guru Nanak Dev relevant to the youth of today. (Answer in 150 words) 10

गुरु नानक देव भक्ति आंदोलन के प्रमुख संत है जिन्होंने निर्गुण, निराकार ईश्वर की परिकल्पना को जन्म दिया।

गुरु नानक देव की शिक्षाएं

* समानता को बढ़ावा दिया
* भेदभाव की समाप्ति
* बंधुत्व को बढ़ावा दिया
* लैंगिक सशक्तीकरण
* शिक्षा को सबके लिये उपलब्ध कराना
* कर्मकांड के विरुद्ध निराकार ईश्वर की परिकल्पना
* सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना
* भक्ति मार्ग को सेवा मार्ग से जोड़ा
* गरीबों की सहायता एवं सेवा

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

उपायों के लिये प्रासंगिक

→ समानता को सुनिश्चित कर बंधुत्व को बढ़ावा दिया जा सकता है

→ सामाजिक सद्भाव के माध्यम से सांप्रदायिक तनाव को कम करने में मदद

→ महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ाया जा सकता है, वस्तुतः NCRB की रिपोर्ट से पता चला है कि पिछले वर्ष की तुलना में 2021 में महिलाओं के प्रति हिंसा में 87% की वृद्धि हुई है

→ गरीबी एवं भुखमरी को सेवा भाव से दूर किया जा सकता है। जैसे लंगर व्यवस्था के माध्यम से भूखे को भोजन

निष्कर्षतः भक्ति आंदोलन में गुरु नानक देव ने कर्मकांड के विरोध में साधारण भक्ति मार्ग पर बल दिया और भजनों के माध्यम से समाज में सहभागिता एवं सहायता तथा सेवा को प्रमुख बनाया।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

## SECTION B

**निम्नलिखित प्रश्नों में, प्रस्तुत प्रकरणों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उनके आगे आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए (लगभग 250 शब्दों में):**

**In the following questions, carefully study the cases presented and then answer the questions that follow (in around 250 words):**

7. पिछले कुछ समय से, दुनिया भर में व्यावसायिक समाचार बड़े पैमाने पर छंटनी, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी फर्मों और नए युग के स्टार्ट-अप्स जैसी खबरों से भरे पड़े हैं। यह तब है जब कुछ समय पहले तक, स्टार्ट-अप्स के लिए हर जगह एंजेल इन्वेस्टर्स, वेंचर कैपिटल फर्म, प्राइवेट इक्विटी और अन्य से असीम धन एवं फंडिंग मिल रही थी। ऐसा लगता है कि अब धन की यह प्राप्ति अचानक बंद हो गई है। रिकॉर्ड वैल्यूएशन और पारितोषिक संबंधी खबरों की जगह कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर हो रही छंटनी ने ले ली है। स्टार्ट-अप्स और प्रौद्योगिकी फर्मों के संस्थापक अपने उद्यमों की लाभप्रदता सुनिश्चित करने और अपने निवेशकों एवं शेयरधारकों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी के मद्देनजर इस कार्य को सही ठहरा रहे हैं। दिया जा रहा तर्क सतत विकास और लाभप्रदता सुनिश्चित करने से संबंधित है। हालांकि, यह सर्वविदित है कि वर्तमान स्थिति के लिए खराब और गैर-जिम्मेदाराना निर्णयन श्रृंखला उत्तरदायी है। दुर्भाग्य से इसका परिणाम नौकरी में प्रवेश करने वाले नए और मध्यम स्तर के कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है।

इस संदर्भ में, निम्नलिखित के उत्तर दीजिए:

**(a)** हाल ही में बड़े पैमाने पर नए युग के स्टार्ट-अप्स में हुई छंटनी से संबंधित हितधारकों और नैतिक मुद्दों का उल्लेख कीजिए।

**(b)** उच्च स्तरीय प्रबंधन द्वारा इस तरह के गैर-जिम्मेदार आचरण के लिए, विशेष रूप से भारत में हो रहे स्टार्ट-अप्स में, उत्तरदायी कारणों की पहचान कीजिए।

**(c)** उपर्युक्त समस्याओं से निपटने के लिए कुछ उपायों का सुझाव दीजिए। )250 शब्दों में उत्तर दें(

For some time now, business news across the world has been filled with reports of massive layoffs taking place, particularly in technology firms and new-age startups. This, when only till a while ago, limitless money and funding were flowing to startups from all over - Angel Investors, Venture Capital firms, Private Equity, and so on. The money tap seems to have been suddenly closed now. What has replaced the news of record valuations and remunerations, is that of massive firing of employees. The founders of startups and technology firms are justifying the exercise in wake of their responsibility to ensure profitability of their ventures and their accountability towards their investors and shareholders. The argument being advanced pertains to ensuring sustainable growth and profitability. However, it is well known that behind the present scenario lie a series of poor and irresponsible decision-making. But it is the entry and middle-level employees who are unfortunately being made to bear the brunt of it.

In this context, answer the following:

**(a)** Mention the stakeholders and ethical issues surrounding the recent mass layoffs in new age startups.

**(b)** Identify the reasons behind such irresponsible conduct by higher management, particularly in startups in India.

**(c)** Suggest some measures to tackle the aforementioned problems. (Answer in 250 words) 20

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

उपरोक्त केस स्टडी में नवीन तकनीकों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाना एवं लाभप्रदता सुनिश्चित करना, तो वहीं रोजगार की हानि के रूप में परिणाम की उपस्थिति है. इसमें आर्थिक संवृद्धि एवं सामाजिक विकास की टकराहट को देखा जा सकता है।

(a)

* हितधारक
  - फर्मों के संस्थापक
  - निवेशक
  - एंजेल इन्वेस्टर, वेंचर कैपिटल फर्म, प्राइवेट इक्विटी
  - रोजगारधारक
  - नए और मध्यम स्तर के कर्मचारी

* नैतिक मुद्दे

- कर्मचारियों का बेरोजगार होना
- फर्म संस्थापकों का गैर जिम्मेदारी वाले निर्णय
- लाभप्रदता सुनिश्चित करो निरपेक्ष रूप में ध्येय बनाया जा रहा है
- नये ~~उद्योगों~~ श्रमिकों के लिये रोजगार सृजन नहीं हो पा रहे हैं
- प्रौद्योगिकी का असमानता को बढ़ावा देना

(b) उच्च स्तरीय प्रबंधन द्वारा गैर-जिम्मेदार आचरण विशेष रूप से भारत में देखे जा रहे हैं। जिसके निम्नलिखित उत्तरदायी कारण हो सकते हैं-

→ फर्म संस्थापकों की लाभप्रदता सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्धता

→ निवेशकों को अत्यधिक लाभ चाहिये

→ शेयरधारकों को अपना लाभ सुनिश्चित रूप से चाहिये

→ प्रौद्योगिकी का प्रयोग और कर्मचारियों के प्रति असंवेदनशीलता

→ गिग इकोनोमी का विनियमित तंत्र नहीं होना

→ भारत में लगभग 90% से ऊपर व्यक्ति अनौपचारिक कार्यों में संलग्न है फलत: इन कार्यों से छँटनी की कोई वैध प्रक्रिया

नहीं होती है इसलिये इतनी आसान हो जाती है

→ स्टार्ट-अप्स सामान्यतः प्रौद्योगिकी आधारित स्थापित हुये तो साथ ही पुराने स्टार्ट अप्स में नवीन प्रौद्योगिकी विकास ने इसे और जटिल बना दिया है।

© (उपाय)

→ स्टार्ट अप्स में नवीन तकनीकों के साथ कर्मचारियों के प्रवेश से संबंधित कानूनी प्रावधान,

→ उच्च प्रबंधन के लिये दिशा निर्देश निर्धारित किया जाना चाहिये

→ गिग इकॉनोमी के प्रति एक साझा दृष्टिकोण का निर्माण किया जाना चाहिये

→ SEBI एवं कंपनी एक्ट, 2013 के प्रावधानों को लागू किया जाना चाहिये

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

जिसके माध्यम से रिपोर्टिंग, एकीकरण को बढ़ावा दिया जाये

→ कॉर्पोरेट मंत्रालय के स्टार्टअप्स उद्योगों के लिये दिशा निर्देशों के साथ शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाना चाहिये,

→ नये उभरते क्षेत्र एवं प्रौद्योगिकी के प्रति 'व्यावसायिक-निजी' दृष्टिकोण निर्धारित किया जाना चाहिये

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि आर्थिक प्रगति को सामाजिक विकास से जोड़ा जाना चाहिये तभी उसके लाभ व्यापक रूप से दिखेंगे।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**8.** रूपा एक युवा लोक सेवक है और अपनी संतान के जन्म के तुरंत बाद और बिना अपने मातृत्व अवकाश को पूरा किए काम पर लौट आई है। हालांकि, उसने अपने बच्चे को कार्यालय में लाना शुरू कर दिया और वह बच्चे को गोद में लेकर बैठकों में भाग लेने लगी है। उसकी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर अपलोड की गईं। कुछ लोग उसकी एक युवा व स्वतंत्र कार्यशील माता के रूप में प्रशंसा कर रहे हैं जबकि अन्य उसके द्वारा आधिकारिक कृत्यों को कम महत्व देने तथा अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों कर्तव्यों को पूरा करके एक साहसिक तस्वीर प्रस्तुत करने के प्रयास के कारण उसकी आलोचना भी कर रहे हैं।

इस संदर्भ में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(a)** क्या आपको लगता है कि अधिकारी का कृत्य उचित था? क्या एक लोक सेवक के व्यक्तिगत और व्यावसायिक कर्तव्यों के बीच ओवरलैप होना चाहिए?

**(b)** क्या भारत में कार्य संस्कृति कार्यशील माताओं को उनकी दोहरी भूमिका निभाने से रोकती है? )250 शब्दों में उत्तर दें(

Rupa, a young civil servant, rejoined work soon after giving birth to her child and without availing her full maternity leave. However, she began to bring her child in the office and started attended meetings with her child in arms. Some of her photographs were also uploaded on social media. While some are hailing her as a young independent working mother, she is also being criticized by others on account of trivialising her official work and of trying to paint a heroic picture by fulfilling both her personal and professional duties.

In this context, answer the following the questions:

**(a)** Do you think the act of the officer was justified? Should there be an overlap between personal and professional duties of a civil servant?

**(b)** Does the work culture in India hinder working mothers from fulfilling their dual role? (Answer in 250 words) 20

एक सिविल सेवक के रूप में महिला सिविल में समर्पण एवं सत्यनिष्ठा तथा प्रतिबद्धता जैसे मूल्यों को देखा जा सकता है।

(a) अधिकारी का कृत्य उचित है या नहीं इसको निम्न संदर्भ में देख सकते हैं-

→ वस्तुतः यदि अधिकारी की सेवा भावना एवं उसका सेवा के प्रति समर्पण

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

को देखा जाये तो अधिकारी का कृत्य उचित दिखाई देता है

→ लेकिन अधिकारी द्वारा अपना मातृत्व अवकाश छोड़कर काम पर लौटना और व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक कर्त्तव्यों के संतुलन का ध्यान उसके अधिकारिक कर्त्तव्य को सीमित करते हैं, ~~क्योंकि~~ लेकिन उसका इस आधार पर कार्य अनुचित नहीं हो सकता है।

वस्तुतः एक सिविल सेवक के रूप में व्यक्ति के व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक कर्त्तव्य दोनों विद्यमान होते हैं और सिविल सेवक को दोनों के संतुलन लाने का ध्यान रखना ही होता है।

तो वहीं एक ओर सेवक के व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक कर्त्तव्यों के बीच ओवरलैप को रोकने के लिये कदम उठाये जा सकते हैं जहाँ सिविल अधिकारी को मातृत्व अवकाश पूर्ण करने के पश्चात काम पर आने का नियम लागू था, वस्तुतः व्यावसायिक

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

एवं व्यक्तिगत कर्तव्यों में संतुलन होने का तात्पर्य है कि दोनों एक-दूसरे के क्षेत्र को प्रभावित किये बिना समानांतर चलते रहें।

(5) वस्तुतः भारत में कार्यशील माताओं की दोहरी भूमिका उनके कार्य पर असर डालती है लेकिन भारत में अनेक कार्य क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ महिलाओं ने अपने योगदान को महत्व दिया है ~~वस्तुतः~~ UP के सिविल सेवक महिला द्वारा अपना मातृत्व अवकाश छोड़कर कार्य पर वापस आना इसी समर्पण एवं प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

वस्तुतः भारत में कार्यशील माताओं के लिये कार्य संस्कृति में धीरे-धीरे बदलाव देखा जा रहा है और उनके हितों को देखते हुये समाज एवं कार्यक्षेत्र पर आवश्यक बदलाव किये

जा रहे हैं तो साथ ही रस दोहरी भूमिका को कम करने के लिये समाज के दृष्टिकोण में परिवर्तन करना होगा जैसे-

- पिता को पितृत्व अवकाश दिया जाये और महिला के साथ बच्चे की देखभाल को सुनिश्चित किया जाये

→ तो साथ ही महिलाओं के बच्चों के लिये कार्यक्षेत्र एवं कार्यस्थल पर देखभाल की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाये

- वस्तुतः देखा जाये तो यह कहा जा सकता है कि महिलाओं की दोहरी भूमिका में कमी ही नहीं बल्कि उन्हें प्रत्येक कार्यक्षेत्र में बढ़ावा और उनके सशक्तीकरण को सुनिश्चित किया जा सकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

9. आप लगभग 15 वर्षों से एक प्रसिद्ध व्यावसायिक सलाहकार कंपनी में काम कर रहे हैं और आपको वरिष्ठ कार्यकारी स्तर पर पदोन्नत किया गया है। मीरा नाम की आपकी एक कनिष्ठ सहकर्मी है, जिसे आप समय-समय पर सलाह देते रहे हैं। आपके मार्गदर्शन के साथ-साथ उसने कंपनी में जो समय और सहयोग दिया है, उसने उसे संगठन में पेशेवर रूप से तेजी से उन्नति करने हेतु प्रेरित किया है। काम का माहौल भी उसके विकास के अनुकूल रहा है। इस बीच, मीरा की माता पिछले कुछ वर्षों से बीमार हैं और उन्हें चिकित्सीय देखभाल की आवश्यकता है। समय के साथ उसके चिकित्सीय व्यय में भी तेजी से वृद्धि हो रही है।

हाल ही में, मीरा को आपके बॉस द्वारा यौन उत्पीड़न के एक असहज अनुभव का सामना करना पड़ा, जिसके बारे में उसने कंपनी के मानव संसाधन विभाग (HRD) को तुरंत सूचना दी। संबंधित बॉस का कंपनी की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान रहा है और वह कंपनी के भीतर एवं बाहर भी अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। उन्होंने मीरा को इस मुद्दे के निपटारे के लिए अप्रत्यक्ष रूप से एक बड़ी राशि की पेशकश की है। अगर मीरा उसके प्रस्ताव को स्वीकार कर लेती है, तो उसे एक गैर-प्रकटीकरण समझौते पर हस्ताक्षर करना होगा जो मीरा को इस मुद्दे को फिर से खोलने या इसके बारे में चर्चा करने से रोकता है। मीरा को पता चला है कि संबंधित बॉस पहले भी इस तरह की हरकतों में शामिल रहा है। कंपनी में उसके पद और उसके संबंधों को देखते हुए, मीरा को लगता है कि वह भविष्य में उसके करियर के लिए खतरा हो सकता है। लेकिन उसे पैसों की भी सख्त आवश्यकता है।

दी गई परिस्थितियों में, निम्नलिखित के उत्तर दीजिए:

**(a)** इस मामले में शामिल मुख्य हितधारकों की पहचान कीजिए।

**(b)** उपर्युक्त मामले में सत्यनिष्ठा और नैतिकता से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डालिए।

**(c)** मीरा के पास कौन-से अन्य विकल्प उपलब्ध हैं? उसे किस विकल्प का चयन करना चाहिए और क्यों? )250 शब्दों में उत्तर दें(

You have been working in a well-known business consultancy company for nearly 15 years and have been promoted to a senior executive level. You have a junior colleague, named Meera, whom you have been mentoring from time to time. The time and effort she has invested in the company along with your guidance has led her to rapidly grow professionally in the organisation. The work environment has also been conducive for her growth. Meanwhile, Meera's mother has been ill and requiring medical attention for the past few years. Her medical bills have been increasing rapidly over time.

Recently, Meera encountered an uncomfortable experience of sexual advances at the hands of your immediate boss, which she reported to Human Resources Department (HRD) of the company instantly. The concerned boss has been instrumental in the success of the company and is also well-connected within the company and beyond. He has indirectly offered a large amount for the settlement of this issue to Meera. If Meera accepts his offer, she will have to sign a non-disclosure agreement that restricts her from re-opening the issue or even discussing about it. She came to know that the concerned boss has been involved in similar acts earlier as well. Given his position in the company and his connections, Meera feels that he could be a threat to her career in the future. She is also in dire need of money.

In the given circumstances, address the following:

**(a)** Identify the main stakeholders involved in this case.


**(b)** Highlight the issues related to integrity and ethics in the case above.

**(c)** What are the various options available to Meera? Which option should she choose and why? (Answer in 250 words) 20

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

उपरोक्त केस स्टडी में मीरा के जागरूक सत्यनिष्ठा एवं पारिवारिक हित के रूप में व्यक्तिगत हित तथा ईमानदारी जैसे गुण विद्यमान है तो साथ ही केस स्टडी के अंतर्गत भ्रष्टाचार एवं यौन शोषण जैसी कुरीतियाँ ध्यान के बिंदु है।

(4)




(5) सत्यनिष्ठा

○ सत्यनिष्ठा के रूप में यहां कंपनी के बॉस की सत्यनिष्ठा जो यौन शोषण जैसे अपराधों से ग्रस्त है अतः उसकी सत्यनिष्ठा को उजागर किया जाना चाहिये

→ मीरा की सत्यनिष्ठा यहां अपने हितों से जुड़ी हैं एक ओर उसकी

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

माँ की तबियत है तो दूसरी ओर एक महिला होने के नाते उसके अधिकारों के प्रति सत्यनिष्ठा

→ मेरी सत्यनिष्ठा मेरे मूल्यों जैसे अपराधों के खिलाफ सत्यनिष्ठा विद्यमान है

नैतिकता संबंधित मुद्दे

→ मीरा के जीवन से जुड़ा मुद्दा जहाँ उसके जीवन को खतरा तथा माँ की तबियत/गर्भ की स्वयं के अधिकारों को लेकर

→ कंपनी के हितों के रूप में बॉस का योगदान लेकर लेकिन उसने गलत हरकतों को बढ़ावा दिया और पैसे के बल पर बचा रहा है

→ लैंगिक न्याय का मुद्दा भी है

→ कंपनी के विकास का मुद्दा और बाद में उसके अपराध्या प्रभाव पड़ सकता है

(c) मीरा के पास अन्य विकल्प

(1) पहला विकल्प है कि उसे पुलिस की सहायता ली जानी चाहिये

(2) कंपनी के विरुद्ध कार्यवाही कर बॉस के विरुद्ध कार्यवाही के लिये कंपनी में HRD विभाग के प्रति सख्त नीति का पालन

(3) तीसरे विकल्प के रूप में इस मामले में एक उचित सलाह ली जा सकती है और सबूत एकत्रित किये जा सकते हैं जिनका इस्तेमाल वह अपनी नौकरी की सुरक्षा के लिये कर सकती है।

वस्तुतः तीसरे विकल्प के रूप में चयन कर ~~HRD~~ HRD विभाग के विरुद्ध ~~सब~~ सूचना एकत्रित कर

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

अपनी मां का स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देकर बॉस के प्रति उपयुक्त दृष्टिकोण के माध्यम से कार्यवाही की जा सकती है।

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि अपराध को सहन करना आगे अन्य अपराध को बढ़ावा देने से है अतः अपनी सुरक्षा एवं आगे की अन्य महिलाओं की सुरक्षा के लिये बॉस के खिलाफ कदम उठाना आवश्यक है।

# VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**10.** आप हाल ही में एक फार्मास्यूटिकल कंपनी में शामिल हुए हैं वहां आपका पद रीजनल सेल्स मैनेजर का है। आपको एक वर्ष के लिए बिक्री लक्ष्य दिया गया है, जो आपके आकलन के अनुसार असामान्य रूप से अधिक है। हालांकि, बाजार का सर्वेक्षण करने पर, आपने पाया है कि प्रतियोगी ऐसे लक्ष्यों को प्राप्त कर रहे हैं। गहन विश्लेषण करने पर, आपको डॉक्टरों को उनके मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स द्वारा उपहार, भुगतान और आतिथ्य लाभ देने की अनैतिक प्रथाओं के बारे में पता चलता है। यह यूनिफॉर्म कोड ऑफ फार्मास्यूटिकल्स मार्केटिंग प्रैक्टिस द्वारा प्रतिबंधित है। आपने इस संबंध में नेशनल सेल्स मैनेजर से संपर्क किया लेकिन उन्होंने जारी किए गए लक्ष्यों को किसी भी कीमत पर प्राप्त करने का संकेत दिया है। आपने डॉक्टरों को अनैतिक प्रोत्साहन देने की प्रथा में शामिल न होते हुए एरिया सेल्स मैनेजर्स को अपने-अपने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने इन प्रोत्साहनों और लाभों को दिए बिना लक्ष्यों को पूरा करने में असमर्थता संबंधी अपनी चिंताओं को व्यक्त किया है।

**(a)** इस संदर्भ में, आपके द्वारा किन नैतिक दुविधाओं का सामना किया जा रहा है?

**(b)** आपके समक्ष उपलब्ध विकल्पों के गुणों और दोषों पर चर्चा कीजिए? आप इन विकल्पों में से किसका और क्यों चयन करेंगे?

**(c)** फार्मास्यूटिकल क्षेत्रक के पास अपने उत्पादों के विपणन के लिए कौन-से नैतिक विकल्प उपलब्ध हैं? )250 शब्दों में उत्तर दें(

You have recently joined as a Regional Sales Manager of a pharmaceutical company and have been given a sales target for the year, which is unusually high as per your assessment. On surveying the market, however, you have observed that the competitors are achieving such targets. On a deeper analysis, you come across unethical practices of giving gifts, payments and hospitality benefits to doctors by their medical representatives. This is prohibited by the Uniform Code of Pharmaceuticals Marketing Practices. You contacted the National Sales Manager in this regard but he hinted at achieving the released targets at whatever cost. You directed the Area Sales Managers to meet their respective targets while not engaging in the practice of unethical incentives to the doctors. They have communicated their concerns regarding their inability to meet the targets without provision of these perks and benefits.

**(a)** What are the ethical dilemmas being faced by you in this context?

**(b)** Discuss the merits and demerits of the options available to you? Which of these will you choose and why?

**(c)** What are the ethical alternatives available to the pharmaceutical sector to market their products? (Answer in 250 words) 20

(a) नैतिक दुविधायें

(1) साधन बनाम साध्य

→ साध्य के रूप में जहाँ बिक्री का लक्ष्य प्राप्त करना है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

↳ तो वहीं साधन के रूप में नियमों के अनुसार या डाक्टरों को लाभ, उपहार, प्रोत्साहन दिये जाये

(2) विनियमन बनाम अवैध गतिविधि

- विनियमन के रूप में यूनिफार्म कोड ऑफ फार्मास्यूटिकल्स मार्केटिंग प्रैक्टिस का प्रयोग
- अवैध गतिविधि में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव द्वारा डाक्टर को उपहार, भुगतान किया जाना

(3) कंपनी हित बनाम नैतिकता

- फार्मास्युटिकल कंपनी का हित बिक्री लक्ष्य से है
- नैतिकता के रूप में गलत साधनों का प्रयोग करना है।

(4) व्यक्तिगत हित बनाम नैतिकता

- व्यक्तिगत हित के रूप में मेरी पदोन्नति हो सकती है लक्ष्य प्राप्त करने से
- तो वहीं गलत उपाय अनैतिक हैं जो कानून के विरोध में है।

(b) उपलब्ध विकल्प

(1) बिक्री लक्ष्य के लिये नेशनल सेल्स मैनेजर के लक्ष्य एवं गलत तरीकों का इस्तेमाल

**गुण**
- लक्ष्य की प्राप्ति
- पदोन्नति
- कंपनी का हित
- प्रतिस्पर्धा को पिछान

**दोष**
- कृत्य अनैतिक
- विनियमन एवं कानून का उल्लंघन
- पर सिद्धांतों के विरुद्ध है।

(2) बिक्री लक्ष्य के लिये अनैतिक प्रोत्साहन में शामिल न होना

**गुण**
- नैतिक रूप से सही
- साधारणतः कानून के माध्यम से
- साधन की पवित्रता

**दोष**
- बिक्री लक्ष्य प्राप्त न होने पर पदोन्नति नहीं
- कंपनी का हित प्रभावित
- प्रतिस्पर्धा से पीछे।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

उपरोक्त विकल्पों के दूसरे विकल्प का चयन करूंगा क्योंकि साध्य की प्राप्ति के लिये कानून का उल्लंघन एवं अनैतिक कार्यों में शामिल होने से व्यावसायिक प्रतिष्ठा प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है।

(c) फार्मास्युटिकल्स के पास नैतिक विकल्प

→ डाक्टरों को अपने दवाई की गुणवत्ता के बारे में बतायें

→ अनावश्यक मूल्य वृद्धि से बचना भी एक विकल्प है

→ कानून का सख्ती से पालन के लिये सरकार एवं अथॉरिटी से आग्रह आदि

निष्कर्षतः फार्मास्युटिकल क्षेत्र के अनावश्यक प्रतिस्पर्धा अवैध गतिविधियों को जन्म देती है जिसे समाप्त किया जाना चाहिये।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

11. लोक सेवकों को आमतौर पर सरकार की योजनाओं और नीतियों को पर्दे के पीछे रहकर संचालन करने वाले अभिकर्ताओं के रूप में माना जाता है। स्थायी कार्यकारी होने के नाते, इनसे उम्मीद की जाती है कि ये सुर्खियों में आए बिना अपने कार्यों का निर्वहन करें, जबकि यह राजनेताओं पर निर्भर है कि वे अपने राजनीतिक कृत्यों के लिए सुर्खियों में रहें। हालांकि, हाल के दिनों में एक प्रवृत्ति विकसित हो रही है जिनमें लोक सेवकों, विशेष रूप से युवा लोक सेवकों ने नियमित रूप से अपनी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों को पोस्ट करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि कुछ अधिकारियों ने लोकप्रियता का वह स्तर हासिल कर लिया है जो भारत में मशहूर हस्तियों और प्रभावशाली लोगों के लगभग समान है।

सोशल मीडिया पर मौजूद इन अधिकारियों में से अधिकांश का तर्क है कि इससे उन्हें लोगों से जुड़ने में मदद मिलती है और युवा पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलती है। हालांकि, कई वरिष्ठ लोक सेवक इस तरह की प्रवृत्ति का कड़ा विरोध करते हैं। उनका मानना है कि ऐसे अधिकारियों द्वारा साझा की गई कुछ सामग्री केवल पब्लिसिटी लेने के लिए होती हैं, ये लोक सेवाओं के 'सिद्धांतों' का उल्लंघन करती हैं और यहां तक कि उनके स्वयं के करियर के साथ-साथ समग्र रूप से सेवा के लिए भी हानिकारक हो सकती हैं। युवा अधिकारियों को विभिन्न माध्यमों से सलाह दी जा रही है कि वे अपनी छवि को फिल्मस्टार जैसा बनाने से बचें।

इस संदर्भ में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**(a)** लोक सेवकों द्वारा सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से जुड़े नैतिक मुद्दे क्या हैं?

**(b)** लोक अधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया का प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जा सकता है?
)250 शब्दों में उत्तर दें(

Civil servants are usually considered as the behind-the-scenes operators of plans and policies of the government. Being the permanent executive, they are expected to work without getting into the limelight while it is up to the politicians to hog the limelight for their political ends. But in recent times, a trend is developing where civil servants, especially younger ones, have taken to social media to post their day-to-day activities on a regular basis. Some studies suggest that some of the officers have attained a level of popularity that does not trail too far behind celebrities and influencers in India.

Most of these officers with social media presence argue that this helps them connect with the people and also inspire the younger generation. However, many senior civil servants strongly oppose such a trend. They believe that some of the content shared by such officers is excessively publicity-seeking, violates the 'principles' of the civil services, and may even be disadvantageous to their own career as well as the service as a whole. There have been calls from various quarters advising the young officers to desist from creating a filmstar like image of themselves.

In this context, answer the following questions.

**(a)** What are the ethical issues associated with the excessive use of social media by civil servants?

**(b)** How can social media be effectively utilized by public officials?(Answer in 250 words) 20

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(ग) नैतिक मुद्दे

→ अनामिता का मुद्दा
↳ वस्तुतः सोशल मीडिया पर फेक प्रोफाइल की ओट के कारण अनामिता का मूल्य धूमिल हुआ है।

→ लोकप्रियता
↳ सिविल सेवकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सामाजिक कल्याण के पर्दे के पीछे रहकर कार्य करें लेकिन वर्तमान में लोकप्रियता के चलते सिविल सेवक सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं।

→ सार्वजनिक हित
↳ सोशल मीडिया पर बने रहने से सार्वजनिक हित प्रभावित होते हैं।

→ व्यावसायिक हित
↳ अपने कर्तव्यों से समझौता हो सकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

→ व्यक्तिगत हितों
↳ वस्तुतः यह स्थिति लोक सेवकों के लिये हानिकारक हो सकती है।

(5) वस्तुतः वर्तमान के सोशल मीडिया लोगों से जुड़ने का माध्यम है लेकिन इसका उपयोग सार्वजनिक हित के होना चाहिये जैसे –

→ योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये जागरूकता कैम्पेन चलाया जा सकता है जैसे सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा 'Fund your city' Project के माध्यम से समाज के हित के लिये

→ लोगों की समस्या को जानने के लिये और उनके निपटान से संबंधित प्रयास किये जा सकते हैं।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

→ समाज में निगरानी एवं योजनाओं तथा नीति निर्माण में जनता की भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सकता है।

→ लोगों के चहुँमुखी विकास में सहायक,

→ सरकारी कार्यक्रमों को सोशल मीडिया के जरिये बढ़ावा जैसे पहले रेडियो एवं DD-न्यूज पर दिया जाता था उसे सोशल मीडिया के माध्यम से बढ़ावा दिया जा सकता है।

निष्कर्षतः सोशल मीडिया भारत के गाँव एवं शहरों में एकीकरण करने के लिये तथा लोगों को शासन में भागीदार बनाने में सहायक हो सकता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**12.** आप भारत में एक सफल मार्केटिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं, जिसके कई हाई प्रोफाइल राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक हैं। विविधता को बढ़ावा देने के लिए कंपनी सभी सामाजिक और धार्मिक पृष्ठभूमि के लोगों को काम पर रखने का हर संभव प्रयास करती है। एक दिन, एक कर्मचारी मिस 'A' जिसे हाल ही में काम पर रखा गया था, आपको बताती है कि वह अक्सर इस तथ्य के कारण कंपनी में भेदभाव महसूस करती है कि वह एक ट्रांसजेंडर महिला है। वह आगे कहती है कि वरिष्ठ पुरुष कर्मचारी उसकी उपस्थिति में असहज हो जाते हैं। इसके अलावा, अन्य कर्मचारी उसके व्यक्तिगत जीवन पर चर्चा करना चाहते हैं, जबकि उसकी ऐसा करने की कोई इच्छा नहीं है। वह यह भी कहती है कि उसे कुछ विभागीय बैठकों से बिना कोई वैध कारण बताए बाहर कर दिया गया है। इन उदाहरणों के कारण, वह उत्पीड़ित महसूस करती है और चाहती है कि या तो आप स्थिति को तुरंत ठीक कर लें या फिर उसका इस्तीफा स्वीकार कर लें। अगर वह इस्तीफा देती है और यह जानकारी सार्वजनिक हो जाती है, तो कंपनी की छवि खराब होगी। हालांकि, आप जानते हैं कि अपने कर्मचारियों, विशेष रूप से वरिष्ठ सदस्यों के रवैये में तत्काल बदलाव लाना मुश्किल है, क्योंकि ऐसे बदलावों के लिए समय की आवश्यकता होती है।

इस संदर्भ में:

**(a)** इस स्थिति में मौजूद नैतिक मुद्दों पर प्रकाश डालिए।

**(b)** एक प्रबंध निदेशक के रूप में, आपके समक्ष कौन-से विकल्प उपलब्ध हैं?

**(c)** इनमें से प्रत्येक विकल्प का मूल्यांकन कीजिए और कारण बताते हुए आपके द्वारा चुने गए विकल्प का उल्लेख कीजिए। )250 शब्दों में उत्तर दें(

You are the Managing Director of a successful marketing company in India that has several high profile national and international clients. The company makes every effort to hire people from all social and religious backgrounds in order to promote diversity. One day, an employee Miss 'A' who was recently hired informs you that she often feels discriminated in the company due to the fact that she is a transgender woman. She points out that senior male employees are uncomfortable in her presence. Further, other employees want to discuss her personal life when she has no intention of doing so. She also states that she has been excluded from some departmental meetings without being given a valid reason. Due to these instances, she feels harassed and wants you to either correct the situation immediately or accept her resignation. If she resigns and the information becomes public, the image of the company will be maligned. However, you know it is difficult to bring about an immediate change in the attitude of your employees, especially senior members, as such changes require time.

In this context:

**(a)** Highlight the ethical issues in this situation.

**(b)** As a Managing Director, what are the options available to you?

**(c)** Evaluate each of these options and choose the option which you would adopt, giving reasons. (Answer in 250 words) 20

(a) नैतिक मुद्दे

(1) लैंगिक मुद्दा (जहां ट्रांसजेंडर के प्रति

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

कंपनी के कर्मचारियों का रवैया देखा गया है।

(2) कंपनी का हित
↳ ट्रांसजेंडर महिला के इस्तीफे से कंपनी के हित प्रभावित हो सकते हैं

(3) वरिष्ठ सहयोगियों की मनोवृत्ति
↳ इन्हें तत्काल रूप से प्रभावित नहीं किया जा सकता है

(4) जेंडर भेदभाव
↳ इसके विरुद्ध कार्य करना पड़ेगा

(5) विविधता
↳ विविधता को बढ़ावा देने के लिये विचारों के सहिष्णुता आवश्यक है इसका उदय।

(6) सहिष्णुता
↳ लैंगिक एवं विचारों के प्रति सहिष्णुता का उदय।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

(b) एक प्रबंध निदेशक के रूप में मेरे समक्ष निम्न विकल्प हैं-

(1) इस्तीफा स्वीकार कर लूं क्योंकि वरिष्ठ कर्मचारियों का रवैया परिवर्तित नहीं किया जा सकता है

(2) इस्तीफा न स्वीकार करूं और उसे बाध्य करूं कि वह इसी जगह कार्य करते रहें

(3) इस्तीफा स्वीकार न करते हुये समय के साथ महिला को आश्वासन दिया जाये कि उनको बेहतर कार्यस्थल प्रदान करने का अवसर प्रदान किया जाये।

(c) पहला विकल्प
क्योंकि इस विकल्प के माध्यम

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

से कंपनी का हित सुरक्षित नहीं हो सकता
हालांकि वर्तमान स्थितियां ठीक हो सकती हैं

- दूसरा विकल्प के रूप में कंपनी का
हित सुरक्षित हो जायेगा और महिला
धीरे-धीरे कार्यक्षेत्र से अलग हो जायेगी

→ तीसरा विकल्प → जिसे मैं प्रबंध निदेशक के रूप में चयन
करूंगा तो साथ ही यह विकल्प
लैंगिक सशक्तीकरण एवं कंपनी हित
दोनों को सुरक्षित करता है।

निष्कर्षतः कार्यसंस्कृति के लैंगिक
सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया जा
सकता है और यह आवश्यक है कि
इसके लिये सकारात्मक दृष्टिकोण रखा
जाये।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)